सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

सूचना

अतिमहत्त्वपूर्ण/समयबद्ध

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020** के अन्तर्गत संचालित स्नातक तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं परास्नातक तृतीय सेमेस्टर एवं **C.B.C.S.** प्रणाली के अन्तर्गत संचालित निम्नलिखित पाठ्यक्रम/विषयों की **सत्र 2026–27** का **आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं हेतु दिनांक 04–11–2026 तक निर्धारित किया गया था–**

क्रम सं0	प्रणाली	पाठ्यक्रम	कक्षा
1	**C.B.C.S.** प्रणाली	बी0ए0–एल0एल–बी0	तृतीय, पंचम्, सप्तम् व नवम् सेमेस्टर
2	**C.B.C.S.** प्रणाली	एल0एल–बी0	तृतीय व पंचम् सेमेस्टर
3	**C.B.C.S.** प्रणाली	बी0एस–सी0 (कृषि)	तृतीय, पंचम् व सप्तम् सेमेस्टर,
4	**C.B.C.S.** प्रणाली	एम0एड0	तृतीय सेमेस्टर
5	**C.B.C.S.** प्रणाली	एम0एस–सी0(कृषि)	तृतीय सेमेस्टर
6	राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020	स्नातक स्तर समस्त पाठ्यक्रम	तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर
7	राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020	परास्नातक	तृतीय सेमेस्टर

उपरोक्तानुसार पाठ्यक्रम/विषयों की **सत्र 2026–27** का **आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाएं** कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अभी तक सम्पन्न नहीं कराया गया है।

अतः छात्रहित के दृष्टिगत मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार उपरोक्त पाठ्यक्रम/विषयों की सत्र 2026–27 का **आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओ हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि को विस्तारित करते हुए 23–11–2026 निर्धारित किया जाता है।** विश्वविद्यालय के पत्र सं0–4086/प0सा0/सि0वि0वि0/2023 व दिनांक 15–05–2023 द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में सम्पन्न कराकर अंकों को उसी दिन ऑनलाइन पूरित कराते हुए तीन कार्य दिवस के भीतर अंक–पत्र की हार्डकापी गोपनीय अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

नोट– प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा के अंक को ऑनलाइन पूरित करने से पूर्व निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर विश्वविद्यालय के ई–मेल आई0डी0 **marks@suksn.edu.in** एवं व्हाट्सएप मो0 नं0 **6388907638** पर भेजना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक-- 5965/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 20–11–2026

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता/कुलानुशासक, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. विभागाध्यक्ष/समस्त प्रभारी (परिसर), सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0, सि0।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक